प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 19.01.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. नितिन नवीन का भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय, नामांकन कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों ने भी लिया भाग।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड ने विश्व आर्थिक मंच में शुरु की भागीदारी, निवेश और नवाचार पर होगी चर्चा, झारखंड पवेलियन का उद्घाटन कल।
3. केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले कल झारखंड के दौरे पर, रांची में मीडिया से होंगे रुबरु।
4. अपराधियों के खिलाफ अभियान में रांची पुलिस को बड़ी सफलता, पंडरा गोलीकांड के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार, जमीन विवाद में हुई थी घटना।

और

5. जन औषधि केन्द्र चलाने वाली हजारीबाग की राखी सिन्हा नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रुप में आमंत्रित, प्रधानमंत्री का जताया आभार।

***************

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। एक मात्र नबीन का ही नामांकन होने के कारण उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना तय माना जा रहा है। इसकी औपचारिक घोषणा कल की जायेगी।

***************

नितिन नबीन के नामांकन में भाजपा के झारखंड अध्यक्ष आदित्य साहु और राष्ट्रीय परिषद के सभी 21 सदस्यों के अलावा प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां एक कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है।

***************

स्विट्जरलैंड के दावोस में आज से विश्व आर्थिक मंच का वार्षिक सम्मेलन शुरू हो रहा है। पहली बार इसमें झारखंड का प्रतिनिधिमंडल भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हिस्सा लेने के लिए दावोस में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री राज्य में निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। साथ ही झारखंड में व्यवसाय संभावनाओं का भी प्रदर्शन होगा। सम्मेलन में कल झारखंड पवेलियन का उदघाटन होगा।

***************

भाजपा के रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी राकेश रंजन से मुलाकात की। मुलाकात के बाद विधायक नवीन जायसवाल ने मीडिया से बातचीत में रांची पुलिस की कार्यक्षमता की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह अंश, अंशिका और अन्य 12 बच्चों की बरामदगी की गयी, उसी तरह अन्य लापता मामलों में भी पुलिस इसी तरह त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाए।

***************

नई दिल्ली के भारत मंडपम में 21 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार शुद्ध मतदाता सूची विषय पर व्याख्यान देंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने जा रहे झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि इस तरह के वैश्विक सम्मेलन में झारखंड को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है।

***************

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले कल रांची के दौरे पर रहेंगे। वे दोपहर साढ़े 12 बजे मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथि गृह में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। इस वार्ता का आयोजन पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा किया गया है। इस दौरान श्री अठावले केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक न्याय से जुड़ी प्राथमिकताओं पर जानकारी साझा कर सकते हैं।

***************

कोडरमा जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए संचालित 45 दिवसीय आवासीय पठन–पाठन कार्यक्रम आज संपन्न हो गया। विदाई समारोह में उपायुक्त ऋतुराज ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम से 10वीं और 12वीं के 200 छात्र लाभान्वित हुए।

***************

रांची पुलिस ने पिस्का मोड़ गोलीकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी संजय पांडे समेत 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी परास राणा के अनुसार, सुकुरहुटू में 3 एकड़ जमीन के 60 लाख रुपये के विवाद में फायरिंग हुई थी।

***************

गिरिडीह की धनवार पुलिस ने दक्षिण भारत से चोरी की गई 35 किलो चांदी बरामद की है। एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन से चांदी की सिल्लियां और जेवरात जब्त किए गए। आरोपी हजरत अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसके साथी की तलाश जारी है।

***************

हजारीबाग के चरही की राखी सिन्हा को केन्द्र सरकार ने इस वर्ष नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली 77वीं गणतंत्र दिवस परेड के लिए विशेष अतिथि के रुप में आमंत्रित किया है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के सफल संचालन और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए उन्हें यह सम्मान मिला है। इस सम्मान से राखी सिन्हा बेहद उत्साहित हैं।

***************

सशस्त्र सीमा बल द्वारा वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आज विशेष स्मरणोत्सव आयोजित किये गये। लोहरदगा में राजकीय मध्य विद्यालय, किस्को से कमांडेंट राजेश सिंह के मार्गदर्शन में पैदल रैली निकाली गयी और देशभक्ति गीतों के माध्यम से छात्रों को राष्ट्रीय गौरव व सीमा सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

***************

राज्य में शीतलहर का असर कम होने लगा है और धूप खिलने से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम पारा 30 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग ने कल मौसम शुष्क और साफ रहने का अनुमान जताया है।

***************

19वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 जनवरी से जमशेदपुर में होना निर्धारित है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य की सर्वश्रेष्ठ महिला कबड्डी खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी।

*******समाप्त********